**राज्य स्तरीय कृषि प्रबंधन प्रसार-सह-प्रशिक्षण संस्थान (समेति), झारखण्ड के कार्य कारिणी समिति की बैठक दिनांक 11.04.2013 को कृषि निदेशक-सह-अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न बैठक की कार्यवाही :-**

दिनांक 11.04.2013 को समेति, झारखण्ड कार्यकारिणी समिति Executive Committee (EC) की पहली बैठक श्री कमल किशोर सोन, कृषि निदेशक, झारखण्ड-सह-अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति, समेति, झारखण्ड की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें उपस्थिति पत्र के अनुसार निम्न पदाधिकारियों ने भाग लिया -

**उपस्थिति पत्रक अलग से संधारित।**

दिनांक-11.04.2013 को आयोजित समेति, झारखण्ड के कार्य कारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मिति से निम्न निर्णय लिये गये -

**प्रस्ताव संख्या-1.** **आत्मा, समेति एवं मुख्यालय कोषांग में पदास्थापित लेखापाल, कम्प्यूटर ऑपरेटर के मासिक मानदेय निर्धारण के संबंध में।**

**निर्णयः** कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के द्वारा एक्सटेंशन रिफोर्म्स योजना के अधीन लेखापाल एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर संविदा/अनुबंध के आधार पर कार्यरत पदाधिकारियों/ कर्मचारियों को मासिक मानदेय भुगतान वित्त विभाग के Circular में दिये गये प्रावधानों के अनुसार करने हेतु अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या-2.** **आत्मा, समेति एवं मुख्यालय कोषांग के लिए पदों की स्वीकृति के विरूद्ध रिक्त पदों पर चयन करने के संबंध में।**

**निर्णयः** निदेशक, समेति द्वारा आत्मा, समेति एवं मुख्यालय कोषांग में पदों की स्वीकृति के विरूद्ध रिक्त पदो पर संविदा आधारित चयन करने के संबंध में पूर्व में प्रक्रिया अपनाई गई थी, जिसमें सरकार स्तर पर समेति के कार्यकारिणी समिति को आवश्यक कार्रवाई हेतु अधिकृत किया गया है से सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। इस पर अन्य संस्थाओं में अपनाई गई प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर आगामी बैठक में प्रस्ताव रखने हेतु निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या-3.** **वर्ष 2012-13 में एक्सटेंशन रिफोर्म्स अन्तर्गत प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश का जिलावार आवंटित राशि तथा व्यय किये गये राशि की घट्नोत्तर स्वीकृति देने के संबंध में।**

**निर्णयः** कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के द्वारा वर्ष 2012-13 में एक्सटेंशन रिफोर्म्स योजनान्तर्गत प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश का जिलावार आवंटित राशि तथा व्यय की गई राशि की घट्नोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या-4.** **नवनियुक्त परियोजना निदेशक, आत्मा के वित्तीय अधिकार एवं निकासी की प्रक्रिया हेतु निर्णय लेने के संबंध में।**

**निर्णयः** कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा नवनियुक्त संविदा आधारित परियोजना निदेशक, आत्मा को वितीय अधिकार एवं निकासी के संबंध अन्य स्वायत्तशासी संस्थाओं में सेवरत समतुल्य पदाधिकारी द्वारा उपयोग किये जाने वाले अधिकार के संबंध में अन्य संस्था से कागजात प्राप्त कर संबंधित प्रस्ताव विचारार्थ आगामी बैठक में रखने हेतु निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या-5.** **शासी परिषद्, समेति झारखण्ड की बैठक प्रत्येक तीन माह अन्तराल पर आयोजित करने, तिथि तथा प्रस्ताव का निर्धारण करने के संबंध में।**

**निर्णयः** कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा शासी परिषद् कार्यकारिणी समिति चयन समिति, शैक्षिक समिति के बैठक में दिये गए निम्नवत माह से संबंधित प्रस्ताव की अनुशंसा प्रदान की गई।

| शासी परिषद की बेठक की तिथि | कार्यकारिणी समिति की बेठक की तिथि | Standing Committee | |
|---|---|---|---|
| | | चयन समिति | शैक्षिक समिति |
| जून, सितम्बर, जनवरी | मई, अगस्त, नवम्बर एवं मार्च | आवयकतानुसार | अप्रैल, अगस्त एवं जनवरी के प्रथम सप्ताह |

**प्रस्ताव संख्या-6.** **समेति एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में सोसाईटीज रजिस्ट्रेशन ऐक्ट 21, 1860 के तहत निबंधित है। समेति अपने कार्यो के संबंध में निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है या समेति के कार्यो के लिए विभाग/सरकार की स्वीकृति के संबंध में**

**निर्णयः** समेति अपने कार्यो के संबंध में निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है या समेति के कार्यो के लिए विभाग/सरकार की स्वीकृति के संबंध में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा NRLM, JAPIT, NRHM के बायलॉज प्राप्त कर आगामी बैठक में संबंधित प्रस्ताव विचारार्थ रखने हेतु निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या-7.** कृषि उपादान विक्रेताओं के क्षमता विकास एवं ज्ञानवर्द्धन हेतु दूरस्थशिक्षा कार्यक्रम अन्तर्गत डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेस फोर इनपुट डिलर्स (DAESI) कार्यक्रम के संचालन एवं कार्यान्वयन के संबंध में।

**निर्णयः** कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा MANAGE द्वारा संचालित DAESI कार्यक्रम के समेति द्वारा संचालन एवं कार्यान्वयन हेतु दिये गए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या–8.** **Post Graduate Diploma in Agriculture Extension Management (PGDAEM) कार्यक्रम के तहत वर्ष 2012–13 में कुल 74 कृषि प्रसार कर्मी/पदाधिकारियों के निबंधन के संबंध में।**

**निर्णयः** कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा Post Graduate Diploma in Agriculture Extension Management (PGDAEM) कार्यक्रम के तहत वर्ष 2012–13 में कुल 74 कृषि प्रसार कर्मी/पदाधिकारियों को निबंधित किए जाने संबंधित प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव संख्या–9.** **वर्ष 2013–14 हेतु आत्मा–समेति सहाय्य अनुदान का राशि मो0 252.00 लाख एवं एक्सटेंशन रिफोर्म्स (केन्द्रांश एवं राज्यांश) का राशि मो0 156.03 लाख प्राकलन का अनुमोदन के संबंध में।**

**निर्णयः** कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा वर्ष 2013–14 हेतु आत्मा–समेति सहाय्य अनुदान का राशि मो0 252.00 लाख एवं एक्सटेंशन रिफोर्म्स (केन्द्रांश एवं राज्यांश) का राशि मो0 156.03 लाख का बजट का अनुमोदन के निम्नवत प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई –

**वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु आत्मा समेति सहाय्य अनुदान की राशि का संभावित व्यय विवरणी**

| क्र.सं. | कार्यान्वयन एजेंसी का नाम एवं मद | राशि लाख में |
|---|---|---|
| 1. | **समेति** | |
| | (क) वेतन | 28.50000 |
| | (ख) यात्रा भत्ता | 5.00000 |
| | (ङ) विभिन्न उपष्करो/ए0एम0सी0 एवं क्रय मद | 5.00000 |
| | (च) लधु निर्माण एवं सुसज्जीकरण (प्रशिक्षण भवन) | 50.00000 |
| | (छ) प्रशिक्षण/कार्यशाला | 5.00000 |
| | (ज) स्थल भ्रमण/परिभ्रमण | 2.00000 |
| | (घ) प्रचार–प्रसार सामग्री का प्रकाशन | 100.00000 |
| | (ग) ऑडियो–विडियो सीडी मद में व्यय | 25.00000 |
| | (ग) डोकोमेन्टरी फिल्म | 25.00000 |
| | (ग) प्रशिक्षण सामग्री | 1.50000 |
| | (ग) अन्यान्य व्यय | 5.00000 |
| | **योग** | **252.00000** |

**(दो करोड़ बावन लाख रूपये मात्र)**

FINANCIAL BUDGET OF SAMETI UNDER EXTENSION REFORMS
CENTRAL AND STATE SHARE

(Rs. In Lakhs)

| **1. Farmer Oriented Activities** | | **2013-14** | |
|---|---|---|---|
| | | Tetative Target | |
| | | Phy. (no) | Fin. |
| A.2 | Training Courses | 40 | 46.85000 |
| A3 | Exposure Visit of Extension Functionaires | 10 | 5.00000 |
| **A4.** | State level Exhibitions/ Kisan Mela / Fruit / Vegetable Shows | 1 | 5.00000 |
| A.5 | Krishi Exposure and Regional Fair | | |
| a | Krishi Expo organized by DAC | | 1.00000 |
| b | Regional Fair supported by DAC | | 0.50000 |
| **A.6.** | Award for best performing ATMA Dist. | | 1.00000 |
| A.7 | Farmers Awards | | |
| a | State Level | | 5.00000 |
| **b** | District level | | 12.00000 |
| **A8.** | Upgrading and Restructuing of SAMETI | | |
| **a.** | Specialist & Functionary Support | | 35.68000 |
| **b.** | Operational Expenses & Technical assistance | | 36.00000 |
| **c.** | Documentation of Success Stories | | 3.00000 |
| **d.** | Hiring of Vehicle | | 5.00000 |
| **e.** | Equipment | | |
| **f.** | One Time Grant for Infrasturcture Support | | |
| | **Total** | | **156.03000** |

अध्यक्ष के अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्यावाही समाप्त की गई।

Sd/- 04/05/13

**अध्यक्ष,**
कार्यकारिणी समिति, समेति, झारखण्ड
–सह–
**कृषि निदेशक,**
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक : 798 दिनांक : 06/05/13

प्रतिलिपि : सभी कार्यकारिणी समिति, समेति, झारखण्ड के सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

Sd/- 07/05/13

**अध्यक्ष,**
कार्यकारिणी समिति, समेति, झारखण्ड
–सह–
**कृषि निदेशक,**
झारखण्ड, राँची।